Roll No. [ ]

# वार्षिक परीक्षा 2018-19

**कक्षा - आठवीं**

**विषय - हिन्दी**

**समय – 3 घंटे** | **पूर्णांक–80**

**निर्देश :** (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
(2) प्रश्न पत्र में स्वच्छता का ध्यान रखें।

**प्र. 1** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

ताजमहल भारत की सबसे खूबसूरत इमारतों में से एक है। सफेद संगमरमर की यह अद्भुत इमारत भारत की पहचान के रूप में आज विश्वभर में विख्यात है। इसके अप्रितम सौंदर्य से प्रभावित होकर इसे संसार का महान आश्चर्य भी कहा जाता है। यही कारण है कि ताजमहल का नाम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। मुगल स्थापत्य–कला का यह बेजोड़ नमूना उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में स्थित है। इसे देखने देश–विदेश के हजारों सैलानी रोज आते हैं।

ताजमहल का निर्माण शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज़ की याद में करवाया था। इसका निर्माण 1631 में आरंभ हुआ था। इसको पूरा होने में 22 वर्ष लगे थे। करीबी बीस हजार शिल्पियों के परिश्रम से तैयार की गई यह भव्य इमारत 1653 में पूर्ण हो पाई थी। ताजमहल का नमूना ईरान से आए वास्तु शिल्पी ईसा खान ने तैयार किया था। शाहजहां का सपना इसे दुनिया की सबसे सुंदर इमारत बनाने का था। वास्तव में ताजमहल का सौंदर्य हर व्यक्ति को रिझा लेता है।

**प्रश्न :**

(क) ताजमहल को संसार का महान आश्चर्य क्यों कहा जाता है ? 01

(ख) ताजमहल किस कला का नमूना है तथा यह कहाँ स्थित है ? 02

(ग) ताजमहल कितने वर्षों में बनकर तैयार हुआ था तथा कितने शिल्पियों के परिश्रम का फल है ? 02

**प्र. 2** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

है समय नदी की बाढ़, कि जिसमें सब बह जाया करते हैं।
है समय बड़ा तूफान प्रबल, पर्वत झुक जाया करते हैं।।
अक्सर दुनिया के लोग, समय के चक्कर खाया करते हैं।
लेकिन कुछ ऐसे होते हैं, इतिहास बनाया करते हैं।।
यह उसी वीर इतिहास पुरुष की, अनुपम अमर कहानी है।
जो रक्त कणों से लिखी गई, जिसकी जयहिंद निशानी है।।
प्यारा सुभाष, नेता सुभाष, भारत भू का उजियारा था।
पैदा होते ही गणिकों ने जिसका भविष्य लिख डाला था।।

यह वीर चक्रवर्ती होगा या त्यागी होगा सन्यासी।
जिसके गौरव को याद रखेंगे, युग–युग तक भारतवासी।।
सौ वही वीर नौकरशाही ने पकड़ जेल में डाला था।
पर क्रद्ध केहरी कभी नहीं फंदे में टिकने वाला था।

**प्रश्न :**

(क) इस कविता में किसका गुणगान किया गया है ? 01

(ख) कवि समय को इतना महत्व क्यों देता है ? 02

(ग) गणिको ने बालक सुभाष के बारे में क्या कहा था ? 02

प्र. 3 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ, प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए। 05

खोलि किवारि, पैठि मंदिर में, दूध–दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि, सींके को लीन्हौ, अनभाक्त भुइँ मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनें ढँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखे तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

प्र. 4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

साइकिल चलाना एक सामाजिक आंदोलन है। कुछ अजीब सी बात है – है न। लेकिन चौकने की बात नहीं हैं। पुडुकोट्टई जिले की हजारो नवसाक्षर ग्रामीण महिलाओं के लिए यह अब आम बात है। अपने पिछड़ेपन पर लात मारने, अपना विरोध व्यक्त करने और उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं, कोई–न–कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं। कभी–कभी ये तरीके अजीबो–गरीब होते हैं।

प्रश्न :

(क) साइकिल चलाने को सामाजिक आंदोलन क्यों कहा गया है ? 01

(ख) "नवसाक्षर" शब्द से आप क्या समझते हैं ? पाठ के आधार पर बताइए। 02

(ग) साइकिल चलाने ने यहाँ की महिलाओं को कैसे प्रभावित किया है ? 02

प्र. 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 10

(क) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) श्री कृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या–क्या सोच रहे थे ?

(ग) अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन क्या–क्या विचार आए ?

(घ) बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए ?

(ड) निर्धनता के बाद मिलने वाली संपन्नता का चित्रण कविता (सुदामा चरित) की अंतिम पंक्तियों में वणित है। उसे अपने शब्दों में लिखिए।

प्र. 6 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

सीस पगा न झँगा तन में, प्रभु ! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।
धोती फटी–सी लटी दुपटी, अरु पाँय उपानह को नहिं सामा।।
द्वार खड़ा द्विज दुर्बल एक, रहो चकिसों बसुधा अभिरामा।
पूछत दीदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा।।

**प्रश्न**

(क) सुदामा कहाँ और क्यों गया था ? 01

(ख) द्वारपाल ने कृष्ण को सुदामा के बारे में क्या बताया ? 02

(ग) पाठ का नाम एवं कविता का नाम लिखिए। 02

प्र. 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 10

(क) बाज जिंदगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था ?

(ख) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुँदने क्यों जड़ दिए ?

(ग) ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ?

(घ) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ? लिखिए।

(ड) विट्ठल का चयन आलम आरा फिल्म के नायक के रूप में हुआ लेकिन उन्हें हटाया क्यों गया ? बिट्ठल ने पुनः नायक होने के लिए क्या किया ? विचार प्रकट कीजिए।

प्र. 8 (1) निम्न उपसर्ग लगाकर दो–दो शब्द बनाइए – https://www.cbseboardonline.com 2

निर्, अन

(2) निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए – 2

सजावट, देवत्व

(3) निम्नलिखित समस्त पद का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए – 3

गौशाला, प्रधानाध्यापक, सुख–दुख

(4) निम्नलिखित पंक्तियों में आए अलंकारों के नाम बताइए – 3

(क) काली घटा का घमंड घटा।

(ख) रघुपति राघव राजा राम।

(ग) मंगन को देख पट देत बार–बार।

(5) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 3

(क) हमारे को भी कुछ बताओ।

(ख) यह तो मेरा पुस्तक है।

(ग) तेरे को पिताजी ने बुलाया है।

(6) विलोम शब्द लिखिए – 2

सबल, उत्कर्ष, सुगंध, सपूत

प्र. ९ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) राजा राममोहन राय ने समाचार पत्रों को बढ़ावा क्यों दिया ? 2

(ख) अमीर खुसरो की प्रसिद्धि का क्या कारण था ? 2

(ग) कलकत्ता में अकाल के समय कैसी स्थिति थी ? 1

प्र. 10 वन विभाग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर सलाह दीजिए कि निरंतर कटते वृक्षों पर रोक लगाई जानी चाहिए। 5

अथवा

अपनी माताजी को पत्र लिखकर बताइए कि आपने गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

प्र. 11 निम्न में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखिए – 10

**(1)** प्रदूषण निवारण

संकेत बिंदु – ■ प्रदूषण का अर्थ, ■ कारण, ■ वातावरण पर प्रभाव, ■ निवारण के उपाय; ■ निखरा स्वरूप

**(2)** आतंकवाद

संकेत बिंदु – ■ अर्थ, ■ आतंकवाद के कारण, ■ प्रभाव, ■ समाप्त करने के प्रयास, ■ सहयोग

**(3)** जीवन में त्योहारों का महत्व

संकेत बिंदु – ■ त्योहार की श्रेणियाँ, ■ धरोहर के प्रतीक, ■ सामूहिक आनंद की अनुभूति, ■ परम्पराओं का संदेश, ■ देश प्रेम व आपसी सहयोग की भावना

■■■■■■